भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
15.03.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2496 का उत्तर

रेलवे ट्रैक बिछाना

2496. श्री देवजी पटेल:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) **क्या सांचौर के अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में घोषित होने और बाड़मेर, जैसलमेर और गुजरात के मध्य एक महत्वपूर्ण स्थल होने के बावजूद, सांचौर उप-मंडल अब तक रेलवे से नहीं जुड़ा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

(ख) **क्या सरकार की प्रधान मंत्री गति शक्ति योजना के अंतर्गत जैसलमेर-कांडला के रास्ते सांचौर रेलवे लाइन पर रेल-ट्रैक बिछाने की कोई योजना है; और**

(ग) **यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?**

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): जैसलमेर और बाड़मेर बड़ी आमान रेल लाइन से जोधपुर और समदारी के रास्ते कांडला बंदरगाह से पहले से जुड़े हुए हैं। जैसलमेर से बाड़मेर और बाड़मेर से भाभर सीधी संपर्कता के लिए नई लाइन परियोजनाओं के लिए सर्वेक्षण कार्य 2012-13 में पूरे कर लिए गए थे, परन्तु कम यातायात अनुमान के कारण इन प्रस्तावों को आगे नहीं बढ़ाया गया।

वर्तमान में सांचौर, राजस्थान में रेल लाइन के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

****